वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।

कार्यवाही विवरण

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल की 92 वीं बैठक दिनांक 12 सितंबर . 2015 को मध्यान्ह पूर्व 11.30 बजे क्षेत्रीय केन्द्र कार्यालय, जयपुर में आयोजित की गई, बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गयाः—

01.	प्रो0 अशोक शर्मा कुलपति, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	अध्यक्ष
02.	श्री हनुमंत सिंह भाटी संभागीय आयुक्त, जयपुर एवं प्रतिनिधि वित्त विभाग, राज0 सरकार।	सदस्य
03.	प्रो0 एम.एम. सालूखे कुलपति यशवंतराव च0म0खु0वि0वि0नासिक	सदस्य
04.	प्रो0 श्रीमती मंजूलिका श्रीवास्तव दूरस्थ शिक्षा इंदिरा गांधी रा0मु0वि0वि0, नई दिल्ली।	सदस्य
05.	प्रो0 प्रदीप साहनी स्कूल आफ सोशियल सांइस इंदिरा गांधी रा0मु0वि0वि0, नई दिल्ली।	सदस्य
06.	प्रो0 एल0 आर0 गुर्जर आचार्य, राज0 विज्ञान वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सदस्य
07.	प्रो0 दिनेश कुमार गुप्ता निदेशक, शोध वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सदस्य
08.	डा0 जे0के0 शर्मा निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,अजमेर।	सदस्य
09.	कुलसचिव वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सचिव

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि प्रो0 विनय कुमार पाठक की उत्तर प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ में कुलपति पद पर नियुक्ति हो गई थी, इसलिए प्रो0 विनय कुमार पाठक ने वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति पद से त्यागपत्र दे दिया था। सदन ने उपरोक्त जानकारी के उपरांत प्रो0 पाठक द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए किए गए कार्यो, विशेषकर विश्वविद्यालय को तकनीकी दृष्टि से समृद्व बनाये जाने एवं विश्वविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या वृद्वि हेतु किए गए प्रयासों की प्रशंसा की तथा प्रो0 पाठक के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया ।

तदुपरांत आवश्यक गणापूर्ति की सुनिश्चितता के बाद कार्यसूची विवरण में उल्लेखित प्रस्तावों पर चर्चा प्रारंभ करते हुए निम्नानुसार निर्णय किए गएः–

92/01 प्रबंध मंडल की 91वीं बैठक दिनांक 14 मार्च 2015 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

प्रबंध मंडल द्वारा कार्यसूची विवरण के साथ संलग्न प्रबंध मंडल की 91वीं बैठक दिनांक 14 मार्च 2015 के कार्यवाही विवरण एवं परीक्षा नियंत्रक पद पर भर्ती हेतु चयन के लिए प्राप्तांको के वर्गीकरण सम्बन्धी निर्णय संख्या 91/07 में किये गये संशोधन क्रमांक 388 दिनांक 07 अप्रेल 2015 को अनुमोदित किया गया।

92/02 प्रबंध मंडल की 91वीं बैठक के निर्णयों की पालना में की गई कार्यवाही का पालना प्रतिवेदन अवलोकनार्थ।

प्रबंध मंडल द्वारा कार्यसूची विवरण के साथ प्रस्तुत अनुपालना प्रतिवेदन का अवलोकन करते हुए अनुपालना प्रतिवेदन की पुष्टि की गई।

92/03 कुलपति सर्च कमेटी में प्रबंध मंडल द्वारा नामित सदस्य का मनोनयन।

विश्वविद्यालय के अधिनियम के प्रावधान का अवलोकन करने के उपरांत प्रबंध मंडल द्वारा नामित सदस्य के मनोनयन हेतु चर्चा की गयी, तत्पश्चात् कुलपति चयन समिति में प्रबंध मंडल के सदस्य का नाम सदन के पटल पर लिफाफे में बंद करते हुए निर्णय से राज्यपाल सचिवालय को अवगत करवाने का निर्णय किया गया, सदन के निर्णय की

एक प्रति को बंद लिफाफे में कार्यालय प्रति के रूप में कुलपति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक गोपनीय रखा गया।

92/04(1) श्री राकेश शर्मा निजी सहायक के अवकाश प्रकरण की जांच रिपोर्ट के सम्बन्ध में निर्णय का प्रस्ताव।

प्रबंध मंडल द्वारा प्रकरण में प्राप्त जांच रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए निर्णय लिया गया कि श्री राकेश शर्मा , निजी सहायक द्वारा आवेदित अवकाश अवधि का अवैतनिक अवकाश स्वीकृत करते हुए उन्हें चेतावनी पत्र जारी कर प्रकरण का अंतिम निस्तारण कर दिया जाए।

तत्पश्चात् आसन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक समाप्त घोषित की गई।

कुलसचिव
एवं सचिव (प्रबंध मंडल)
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।